भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 409
उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024

ओडिशा में मोबाइल टावर

409. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुडा जिलों में ग्राम-वार और ग्राम पंचायत-वार कुल कितने मोबाइल टावर लगाए गए हैं; और

(ख) ओडिशा के इन जिलों में उक्त टावरों की स्थापना के लिए सरकार द्वारा कितना व्यय किया गया है?

उत्तर
संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान ओडिशा में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा संस्थापित मोबाइल टावरों की कुल संख्या 7,582 है। विगत तीन वर्षों के दौरान बारगढ़ जिले में 116 ग्राम पंचायतों (जीपी) में 168 टावर संस्थापित किए गए हैं जो 165 गांवों को कवर करते हैं और झारसुगुडा जिले में 51 ग्राम पंचायतों (जीपी) में 75 टावर संस्थापित किए गए हैं जो 77 गांवों को कवर करते हैं।

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार की सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) स्कीमों के माध्यम से ओडिशा में 1152 मोबाइल टावर संस्थापित किए गए हैं जिनमें बारगढ़ जिले में संस्थापित किए गए टावर भी शामिल हैं। ओडिशा में मोबाइल टावरों की संस्थापना के लिए विगत तीन वर्षों के दौरान यूएसओएफ से कुल 804.70 करोड़ रूपये संवितरित किए गए हैं।

*****